प्रेस विज्ञप्ति

कानपुर 24 मार्च। मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश तथा कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में सायंकाल 06:45 बजे से सर पदमपत सिंहानिया सभागार में “220वें कानपुर दिवस समारोह” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन महानुभावों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मर्चेन्ट्स चैम्बर के अध्यक्ष- श्री अतुल कानोडिया ने उपस्तिथ सभी सदस्यों तथा आगंतुकों का स्वागत किया एवं सभी को मर्चेंट्स चैम्बर और कानपुर के इतिहास से अवगत कराया।

कार्यक्रम के बारे में कानपुर पंचायत के संयोजक श्री धर्म प्रकाश गुप्त ने बताया कि कानपुर, बिठूर, मूसानगर, तथा जाजमऊ के त्रिकोण में बसा एक पौराणिक आध्यात्मिक तथा औद्योगिक परिक्षेत्र है जिसको 24 मार्च 1803 को विधिवत् जिले के रूप में स्थापित किया गया और यह घोषणा आधिकारिक रूप से फोर्ट विलियम कलकत्ता की कार्यवाही में दर्ज है। कानपुर पंचायत द्वारा कानपुर के साहित्य, इतिहास, पर्यटन एवं संस्कृति तथा विकास हेतु अनेको कार्यक्रम लगातार विगत वर्षों से किये जा रहे हैं। इन आयोजनों में मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश सहित नगर की अनेकों संस्थाओं एवं महानुभावों का स्मरणीय योगदान रहता है।

कानपुर पंचायत द्वारा कानपुर दिवस समारोह के साथ कानपुर डायरी, कानपुर पजल, कानपुर कलेण्डर तथा अन्य स्मृति चिन्हों का विमोचन एवं वितरण उल्लेखनीय रूप से किया गया है और अनेकों हैरिटेज टूर तथा वाक आयोजित किये जाते हैं।

समारोह में कानपुर की लोकप्रिय विधा नौटंकी का गायन प्रस्तुतीकरण श्री हरीशचन्द्र एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर तीन प्रस्ताव यथा शैक्षणिक पाठ्यक्रम में स्थानीय इतिहास को जोड़ने, महानगर में विभिन्न स्थानों पर ऐतिहासिक धरोहरों एवं दर्शनीय स्थलों की जानकारी के लिए सूचनापट स्थापित करना तथा कानपुर छावनी में स्थित कम्बाइन्ड अस्पताल के परिसर में छावनी संग्रहालय स्थापित करने हेतु मर्चेन्ट चैम्बर के सचिव श्री महेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत किये गये।

इस अवसर पर कानपुर पंचायत द्वारा श्री रतन राठौर के निर्देशन में निर्मित किये जा रहे वृत्तचित्र, दास्तान-ए-कानपुर, पग-पग निशा तेरे का ट्रेलर प्रदर्शित किया गया, जिसकी उपस्थित जन समुदाय ने भारी करतल ध्वनि से प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्री मनोज कपूर ने कानपुर के वैभवशाली अतीत, डॉ. रमेश वर्मा ने कानपुर में पत्रकारिता तथा श्री सुनील वैश्य ने कानपुर का वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर श्री मनोज अग्रवाल उद्योगपति, डॉ. आर. के. ऋषि वरिष्ठ चिकित्सक, सुश्री रीता डे खेलकूद/क्रिकेट, डॉ. उमेश पालीवाल वैदिक चेतना एवं समाजसेवा, श्री आकाश गोयनका उद्योग विकास, श्री टी. एन. अग्रवाल तकनीकि शिक्षा एवं कौशल विकास, श्री मानवेन्द्र स्वरूप शिक्षा, श्री मानसी लोहिया नारी सशक्तिकरण एवं समाजसेवा तथा श्री आदित्य बरासिया को मीडिया प्रबन्धन क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

आभार प्रदर्शन श्री सुदीप गोयनका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक कमेटी के एडवाइजर डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, चेयरमैन- स्वतंत्र सिंह एवं वाइस चेयरमैन- विमल झाझरिया, अनिल अग्रवाल, आर. के. अग्रवाल, आकाश गोयनका, विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वपनिल वरूण, डा0 श्याम बाबू गुप्त तथा चैम्बर के सचिव- महेन्द्र नाथ मोदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।